>

Title: Need to expedite the construction of National Highway No. 233 in Uttar Pradesh.

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने जनहित एवं अंतर्राज्यीय महत्व को रेखांकित करते हुए उत्तर प्रदेश में सिद्धार्थ नगर जनपद ककरहवा से मोहाना, नवगढ़, सिद्धार्थ नगर, बांसी, बस्ती, अतरौलिया, आजमगढ़ होते हुए वाराणसी तक एक नया राष्ट्रीय राजमार्ग 233 घोषित किया है। उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग की लम्बाई शून्य से 121.80 किलोमीटर तक के 2 लेन के लिए 648.22 करोड़ रुपए स्वीकृत किया गया है। इसी तरह 121.800 किलोमीटर से 298.900 किलोमीटर कुल लम्बाई 176.65 किलोमीटर को 4 लेन के लिए 1790.68 करोड़ रुपया स्वीकृत हुआ है। उक्त सड़कों को बनाने के लिए संविदा भी आमंत्रित कर ली गयी है। लेकिन अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है जबकि आवागमन की दृष्टि से उक्त सड़क अत्यंत महत्वपूर्ण है। अतः राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 233 के निर्माण को तत्काल एवं समयबद्ध सीमा में पूरा कराने की मांग करता हूं।